पंजाब केसरी 29-03-2025

# वृक्ष, स्वच्छ पानी और शुद्ध हवा, जीवन जीने की अनमोल दवा : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 28 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शुक्रवार को कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा ड्रॉप्स ऑफ चेंज वैल्फेयर सोसायटी के साथ एम.ओ.यू. के अंतर्गत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इसके तहत जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्वच्छता रैली का आयोजन किया, जिसे प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त एवं 22 वर्ष तक ऑस्ट्रेलिया एवं यू.एस. में क्लिनिकल फार्मासिस्ट के रूप में कार्यरत जानी-मानी समाजसेविका शालू बंसल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में स्वच्छता रैली को रवाना करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त एवं समाजसेविका शालू बंसल।*

विद्यार्थियों को स्वच्छता संबंधी संदेश देते हुए प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि वृक्ष, स्वच्छ पानी और शुद्ध हवा, जीवन जीने की अनमोल दवा है। स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है और स्वच्छ वातावरण ही स्वच्छ जीवन सुनिश्चित करता है। हर व्यक्ति के लिए उनके आसपास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है, चाहे वो उनका घर हो, उनकी वर्कप्लेस हो या समुदाय हो।

अपने संदेश में शालू बंसल ने कहा कि साफ वातावरण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक आराम भी प्रदान करता है। इस रैली में राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला एवं प्रो. लवप्रीत सिंह सहित 75 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।